राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांक–प. 5(5)गृह–1/2024 (20274)　　　　जयपुर, दिनांक : हस्ताक्षरित दिनांक

<u>आदेश</u>

राजस्थान पुलिस सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला की वर्ष 2024–25 की दिनांक 09.01.2025 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के समय श्री राज कुमार मीणा/ख्याली लाल मीणा, (एसटी) के विरूद्व पुलिस आयुक्त, जयपुर के आदेश क्रमांक 223–24 दिनांक 13.03.2024 के द्वारा अन्तर्गत नियम 17 सीसीए में आरोप पत्र जारी किये जाने के कारण इनकी पदोन्नति अभिशंषा को सील्ड कवर में रखा गया।

श्री राज कुमार मीणा को उक्त विभागीय जांच में पुलिस आयुक्त, जयपुर के आदेश क्रमांक 850–53 दिनांक 13.08.2024 के द्वारा दोषमुक्त किया गया है। इस कारण राजस्थान पुलिस सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला की वर्ष 2024–25 की दिनांक 09.01.2025 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा सील्ड कवर में किये गये श्री राज कुमार मीणा की अभिशंषा के बन्द लिफाफे को खोला गया।

विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के अनुसार श्री राज कुमार मीणा/ख्याली लाल मीणा को राजस्थान पुलिस सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला के पद पर वर्ष 2024–25 में रिक्ति दिनांक 01.08.2024 के प्रति एतद्द्वारा पदोन्नत किया जाता है। इनकी वरिष्ठता श्री लक्ष्मीकान्त शर्मा/गोपीराम (सामान्य) के नीचे एवं श्री शीशराम मीणा/सुणाराम (एसटी) के ऊपर निर्धारित की जाती है।

यह पदोन्नति माननीय न्यायालयों में लम्बित समस्त प्रकरणों के अन्तिम निर्णय के अध्यधीन है। श्री राज कुमार मीणा, आरपीएस अग्रिम आदेशो तक वर्तमान पद पर ही यथावत कार्य करते रहेंगे तथा इनको रिक्ति दिनांक से कार्यग्रहण की दिनांक तक नोशनल आधार पर एवं कार्यग्रहण तिथि से वास्तविक रूप से वेतन लाभ देय होगा।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(राकेश राजोरिया)
संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–
1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयुपर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव, गृह।
3. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–6) विभाग को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. संबंधित अधिकारी मार्फत महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
6. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

1. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।

संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

Signature Not Verified

Digitally signed by Rakesh Rajoria
Designation : Joint Secretary To Government
Date: 2025.03.12 18:30:38 IST
Reason: Approved

संयुक्त शासन सचिव, गृह (पुलिस) विभाग, 1112 प्रथम तल, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर।
0141-2227294, IP 2820457/Ext.-22325, 22324 Email : home.police@rajasthan.gov.in

D:/JHALA 2024/Promotion Order

RajKaj Ref No.: 14163506